राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम: गृह विज्ञान
पाठ 18: अभिवृद्धि और विकास (0-5 वर्ष)
कार्यपत्रक-18

1. अनुपमा के 14 महीने के जुड़वाँ बेटे हैं जिनमें से एक ने चलना शुरू नहीं किया है। अभिवृद्धि और विकास का एक सिद्धांत उसको बताइए ताकि वह समझे कि वह बच्चा भी जल्द ही चलना शुरू कर देगा ।
2. आपके मित्र की अभिवृद्धि और विकास की गति कम है। इसके चार कारण बताइए।
3. आपकी 3 महीने की भांजी है। शारीरिक विकास के 2 मील के पत्थर बताएं जो वह प्राप्त करेगी।
4. क्या आपको पता है कि आपने किस उम्र में पेट के बल लेट कर, कोहनी के बल उठना शुरू किया था? बच्चों द्वारा इस क्रिया को शुरू करने की औसत उम्र क्या है?
5. आपने बबलाना कब शुरू किया था? यह औसतन किस उम्र में शुरू होती है?
6. एक बच्चा किस उम्र में रंग, आकार, रूप, संख्या, दिनों आदि को पहचानना शुरू करता है?
7. कई बच्चे अपने बाएं हाथ का उपयोग करना पसंद करते हैं, पर उनके माता-पिता दाहिने हाथ का उपयोग करने के लिए मजबूर करते हैं। यह बच्चों के विकास को कैसे प्रभावित कर सकता है?
8. अपनी मां को बताइए कि आपके नवजात भाई को पहले चार महीनों में सिर्फ स्तनपान कराना क्यों महत्वपूर्ण है?
9. आपका मित्र हर किसी को मारता व गालियां देता है, चीजों को तोड़ता है व झूठ बोलता है । इस व्यवहार के चार कारण बताइए ।
10. क्या आपने बचपन में कभी अंगूठा चूसा था? इस व्यवहार के दो कारण बताइए ।